an>

Title: Regarding dope testing of athletes send to Rio Olympics.

श्री दुÂष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, मैं एक गम्भीर विÂषय इस सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं। पिछले दिनों 121 एथलीट्स की टीम रियो के लिए देश से रवाना हुई है। तीन एथलीट्स डोप में पॉजीटिव पाए गए। उस दौरान हरियाणा के श्री धरमवीर सिंह और श्री इंद्रजीत सिंह के छः बार नेगेटिव टेस्ट आए, लेकिन सातवीं बार टेस्ट पॉजीटिव आने पर उनको रियो नहीं भेजा गया, जबकि प्रधानमंत्री जी के लोक सभा क्षेत्र से श्री नरसिंह यादव को रियो ओलम्पिक में भेज दिया गया। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इस देश को बताने की कृपा करें कि यह भेदभाव एक खिलाड़ी के साथ क्यों किया गया और हरियाणा के भिवानी और रोहतक से आए हुए खिलाड़ी, जिन्होंने 37 साल में पहली बार सौ मीटर की रेस के लिए क्वालीफाई करने का काम किया था, शॉर्टपुट इवेंट के लिए जिनको रियो जाना था, उनको नाडा ने क्यों ब्लॉक किया और एक खिलाड़ी को प्रिफरेंस देने का काम क्यों किया, यह स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री देश को बताने का काम करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री श्रीरंग अप्पा बारणे, श्री राहुल शेवाले और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री दुÂष्यंत चौटाला द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।